फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा पिता स्व. उदयलाल निवासी देवगढ़ मदारिया, जिला राजसमन्द

— अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द **— प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 30/2020**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 06.07.2020 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः प.1( )सू0अ0,05/2020/372—373 दिनांक 01.06.2020 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 31.12.2019 को सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के तहत इस कार्यालय को दिनांक 03.01.2020 व इस अनुभाग को 03.01.2020 को प्राप्त हुआ है। प्रार्थी अपीलार्थी के आरटीआई आवेदन पत्र दिनांक 31.12.2019 से चाही गई सूचना कार्यालय के प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग की होने से इस अनुभाग के पत्रांक प.1( )सू0अ0,05/2020/10 दिनांक 06.01.2020 से प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग से सूचना प्राप्त करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग द्वारा जरिये पत्रांक 586 दिनांक 02.03.2020 से इस अनुभाग को भिजवाई गई जिसे प्रार्थी अपीलार्थी को वांछित सूचना, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 7(6) के तहत प्रार्थी अपीलार्थी को निशुल्क जरिये रजिस्टर्ड पत्रांक क्रमांकः प.1( )सू0अ0,05/2019/323 दिनांक 05.03.2020 से पत्र प्रेषित की जा चुकि हैं। प्रार्थी का यह कहना कि वांछित सूचना प्राप्त नही हुई हैं। जो कि उचित नही हैं। इस कार्यालय द्वारा वांछित सूचना प्रेषित की जा चुकि हैं। प्रार्थी/अपीलार्थी द्वारा आरटीआई आवेदन पत्र से मांगी गई प्रार्थी को पूर्व में पत्रांक 323 दिनांक 05.03.2020 से उपलब्ध कराई जा चूकि हैं। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द की रिपोर्टानुसार प्रस्तुत अपील में प्रार्थी/अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना को जरिये रजिस्टर्ड पत्रांक क्रमांकः प.1( )सू0अ0,05/2019/323 दिनांक 05.03.2020 से सूचित किया जा चुका हैं।	

न्यायालय जिला कलक्टर

अतः उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)